साप्ताहिक

पंजियन क्रमांक – mphin / 2018/ 76962

# नीमच हेडलाइंस

संस्थापक –स्व इन्द्रदेव जी जाजपुरा

संपादक अविनाश जाजपुरा

वर्ष -03 अंक - 15 बुधवार 19 / 8 / 2020 पृष्ठ - 4 मूल्य - 5 रूपए

## सम्पादकीय

एक साल बाद कश्मीर बारामुला में आतंकी हमले में सीआरपीएफ के दो और जम्मू–कश्मीर पुलिस के एक जवान के बलिदान के साथ ही ऐसे बलिदानियों की संख्या और बढ़ गई। यह अच्छा हुआ कि इस हमले में शामिल आतंकियों को आनन–फानन ढेर कर दिया गया, लेकिन इस पर तो विचार किया ही जाना चाहिए कि सुरक्षा बलों पर आतंकी हमलों का सिलसिला कैसे थमे? यह ठीक नहीं कि हमारे जवान आतंकी हमलों का निशाना बनते रहें और अपने प्राणों का उत्सर्ग करते रहें। आवश्यक केवल यह नहीं है कि कश्मीर में सक्रिय आतंकियों के दुस्साहस का दमन प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, बल्कि यह भी है कि पाकिस्तान को कश्मीर में आतंक फैलाने और दखल देने से रोका जाए। वैसे हालात किसी कीमत पर नहीं पैदा होने देने चाहिए, जो एक साल पहले थे। जम्मू–कश्मीर से अनुच्छेद 370 और धारा 35ए हटाए जाने के बाद घाटी के हालात सुधरे हैं तो इसका एक बड़ा कारण यही है कि वहां आतंकियों, अलगाववादियों और उनके समर्थकों के साथ–साथ पाकिस्तानपरस्त तत्वों पर कसकर लगाम लगाई गई है। इन तत्वों को फिर से सिर उठाने का मौका नहीं दिया जाना चाहिए, क्योंकि इससे न केवल सुरक्षा परिदृश्य पर बुरा असर पड़ेगा, बल्कि पाकिस्तान का दुस्साहस भी बढ़ेगा। इसके अलावा घाटी की अमन पसंद जनता का मनोबल भी प्रभावित होगा।

यह ध्यान रखा जाना चाहिए कि कश्मीर के हालात सुधारने में सबसे मददगार वहां का वह तबका ही है, जो अमन–चौन के पक्ष में है। इस तबके को प्रोत्साहित करने के साथ उसे और सशक्त भी किया जाना चाहिए। यह काम तभी हो सकेगा, जब आतंकियों पर लगाम लगाने में सफलता मिलेगी। निरूसंदेह यह एक कठिन काम है, लेकिन इस पर सबसे अधिक ध्यान देना होगा। इस क्रम में यदि सुरक्षा–चौकसी के स्तर को बढ़ाने अथवा उसमें व्यापक बदलाव लाने की जरूरत हो तो उसकी पूर्ति भी करनी होगी। ऐसा होने पर ही जम्मू–कश्मीर में राजनीतिक प्रक्रिया को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। इसमें संदेह नहीं कि जम्मू–कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के बाद दुनिया भर में शोर मचाने के बावजूद पाकिस्तान की कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है, लेकिन इसका खतरा तो है ही कि वह कुंठा का शिकार होकर कश्मीर में आतंकियों की खेप भेजने में न जुट जाए। उसकी सेना की ओर से संघर्ष विराम का रह–रहकर होने वाला उल्लंघन यही बताता है कि वह आतंकियों की घुसपैठ कराने की फिराक में रहता है। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि संघर्ष विराम उल्लंघन का मुंहतोड़ जवाब दिया जाता है, क्योंकि यह तो एक तथ्य है कि वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है।

## विधायक एवं कलेक्टर ने पितृ वाटिका में किया पौधारोपण



*नीमच! विधायक दिलीप सिंह परिहार एवं कलेक्टर जितेंद्रसिंह राजे ने ग्राम पंचायत पिपलिया बाग द्वारा ग्राम हिंगोरिया में पितृ वाटिका में आयोजित एक कार्यक्रम में सोमवार को पौधारोपण किया। इस मौके पर श्री मेहर सिंह जाट, जिला पंचायतसदस्य धनसिंह कैथवास,श्रीमती मधु बंसल, पवन पाटीदार, राकेश भारद्वाज ,हेमंत हरित, आदित्य मालू सरपंच श्रीमती सूरज सुरेश नागदा आदि ने भी पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटलबिहारी वाजपेई की पुण्यतिथि के अवसर पर पौधारोपण किया। इस अवसर पर विधायक दिलीप सिंह परिहार ने अपने उदबोधन में कहा कि प्रकृति के साथ छेड़छाड़ की वजह से आज जंगल कम होते जा रहे हैं पेड़ों का घनत्व कम हो गयाहै उन्होंने कहा कि जनपद में प्रस्ताव पारित कर इस वाटिका का नाम पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेई जी के नाम से किया जावेगा, उन्होंने कहा कि चीताखेड़ा डैम का सर्वे कार्य चालू हो गया है। परिहार ने कहा कि पौधारोपण पुनीत कार्य है पौधारोपण के साथही पानी को संचय करने पर भी समाज को ध्यान देना होगा, उन्होंने इस वाटिका में पौधों के संरक्षण के लिए विधायक निधि से आवश्यक धनराशि देने की बात भी कही । कलेक्टर जितेंद्र सिंह राजे ने कहा कि ग्राम पंचायत ने यहां पर वाटिका विकसित कर बहुत ही अच्छा कार्य किया है। अलग–अलग ग्राम पंचायतों में पौधारोपण कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर जितेन्द्रसिंह राजे ने कहा कि पौधारोपण आज की महती आवश्यकता है, जलवायु परिवर्तन के कारण पृथ्वी का तापमान बढ़ता जा रहा है। विकास के साथ ही प्रकृति के दोहन के बदले जितना हम प्रकृति से लें उतना हम वापस देने का प्रयास करेंगे तो प्राकृतिक संतुलन बना रहेगा। कार्यक्रम को पवन पाटीदार, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मधु बंसल, धनसिंह कैथवास, मधुसूदन राजोरा आदि ने भी संबोधित करते हुए पौधारोपण के महत्व पर प्रकाश डाला । कार्यक्रम का संचालन घनश्याम शर्मा ने किया अंत में मेहरसिंह जाट ने सभा का आभार माना। प्रारंभ में सरपंच श्रीमती सूरज बाई नागदा , सुरेश नागदा, संजय नागदा ,श्रीमती प्रियंका अग्रवाल एवं ग्रामीण जनों ने अतिथियों का स्वागत किया तथा सरपंच प्रतिनिधि सुरेश नागदा ने अतिथियों का साफा बांधकर सम्मान किया ।इस मौके पर एसडीएम एस एल शाक्य विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।*

## *उचित मूल्य दुकान विहीन ग्राम पंचायतों में– नवीन उचित मूल्य दुकानों की नियुक्ति होगी*

*नीमच। कलेक्टर जितेन्द्र सिंह राजे द्वारा उचित मूल्य दुकान विहीन ग्राम पंचायतों में नवीन उचित मूल्य दुकानों की नियुक्ति किये गये जाने के निर्देश दिए गए है। नवीन उचित मूल्य दुकान उपभोक्ता सोसायटी, विपणन सोसायटी, उत्पादक सोसायटी, संसाधन सोसायटी, बहुप्रयोजन सोसायटी, महिला स्वसहायता समूह, संयुक्त वन प्रबंधन समिति आदि संस्थ्थाओं को आवंटित की जाना है। नवीन उचित मूल्य कान संचालन करने के लिए इच्छुक संस्थ्थाएं एन.एफ.एस.ए. पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन प्रस्ध्तुत कर सकते है। प्राप्ध्त आवेदनों पर तहसील स्तरीय समिति द्वारा परीक्षण किया जाकर निर्णय लिया जावेगा। नीमच जिले में जावद उपखण्ड में किशनपुरा, राजपुरा झंवर, मांडा, जनकपुर, मडावदा, पटीयाल, श्रीपुरा, दौलतपुरा(जाट) तथा मनासा उपखण्ध्ड अन्यामाली, आमद, चुकनी पंचायतों में नवीन उचित मूल्य दुकान खोली जाना है। अधिक जानकारी के लिए जिला कार्यालय खाद्य विभाग में अनुविभाग जावद हेतु 9907247943 एवं अनुविभाग मनासा हेतु 7987663203 पर सम्ध्पर्क कर सकते है।*

## डोडाचुरा तस्कर की नीमच न्यायालय में अग्रिम जमानत निरस्त।

जावद। नीतिराज सिंह सिसौदिया, विशेष न्यायाधीश, एन.डी.पी.एस एक्ट, जावद द्वारा 66 किलो डोडाचुरा तस्करी करने वाले आरोपी राधेश्याम पिता नंदा उर्फ नंदलाल जाट, निवासी–जोजवा, तहसील बिगोद, जिला भीलवाड़ा (राजस्थान) की अग्रिम जमानत निरस्त की गई। अपर लोक अभियोजक दिनेश वैघ द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया की घटना दिनांक 12.10.2019 को सिंगोली, नीमच की हैं।

पुलिस थाना सिंगोली द्वारा वाहन चौकिंग के दौरान सहआरोपी शंकरलाल के अधिपत्य वाली कार क्रमांक आरजे 02 सीए 5290 से तीन बोरो में 66 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा जप्त किया, आरोपी को गिरफ्तार कर थाने लाया गया व आरोपी के विरूद्ध थाना सिंगोली अपराध क्रमांक 163 / 2019, धारा 8 / 15 एनडीपीएस एक्ट में पंजीबद्ध किया गया। आरोपी से पूछताछ आरोपी से पूछताछ आरोपी से पूछताछ पर आरोपी द्वारा उक्त डोडाचुरा सहआरोपी राधेश्याम से लाना बताया, जिस पर आरोपी राधेश्याम द्वारा गिरफ्तारी के संदेह से बचने के लिए अपर सत्र न्यायालय में अग्रिम जमानत आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर नीतिराज सिंह सिसौदिया, विशेष न्यायाधीश, एन.डी.पी.एस एक्ट, जावद द्वारा आरोपी राधेश्याम द्वारा प्रस्तुत अग्रिम जमानत आवेदन निरस्त किया गया।

# सिंगोली मे मंत्री जी की पत्रकार वार्ता ओर आम आदमी पार्टी के जवाब --सुधीर गाँधी आप




प्रतिनिधि प्रदीप जैन/म.प्र. सरकार मे लघु उध्योग मंत्री श्री मान ओमप्रकाश जी सखलेचा मंत्री बनने के बाद पहली बार नगर मे आगमन हुआ जहा नगर के व्यापारीक,सामाजिक,ओर राजनितिक संगठनो और पत्रकार बन्धुओ ने क्षेत्र की समस्याओ से सम्बन्धित ग्यापन व आवैदन पत्र सम्मानीय मंत्रीं को दिऐ व अवगत कराया व तिलस्वा रौड़ स्थित जैन मांगलिक भवन (छत्री बाग)पर एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। पत्रकार बंधुओ की ओर से पहला सवाल विधानसभा क्षैत्र मे उद्योगो की स्थापना ओर बैरोजगारी से संबधित था जिसमे आदरणीय मंत्री जी का जवाब था कि हम एक माह के अंदर एक सेमिनार का आयोजन जिला स्तर पर करेगे आप दस बारह लोग संगठन बनाकर हमारे पास आऐ तो मंत्री को कहना चाहुंगा । सेमिनार जिला स्तर पर क्यु ?जब चुनावजितने के लिऐ मशीनगनों के साऐ म घर –घर ,ढानी–ढानी जाकर वोट माँग सकते है तो क्या ष्सेमिनारषगांव–गांव, नगर–नगर के स्तर पर नही हो सकता है?वेसे भी आपकी उद्योग निती पर विश्वास नही किया जा सकता हैं।आप कभी भी क्षैत्र मै उद्दोगो की स्थापना ओर बेरोजगारी पर गंभीर नही रहै हे।इसकी बानगी आपके प्रथम विधायक काल की घोषणाओ का अभी तक पुरा नही होना है जिसमे सेण्ड स्टोन से मुर्ती बनाना,टमाटर का सास, अफिम की भाजी,लस्सन की चटनी आदी उद्योग अभी तक धरातल पर नही उतरे है।तीसरे कार्यकाल के अंतिम चुनावी साल मे उन्नत खेती बाड़ी सिखने के लिऐ किसान छात्र छात्राओ का दल जो जापान भैजा था वह सभी षकिसानष जावद विधान सभा के कोन से क्षैत्र मे उन्नत खैती कर रहे है इसका फोटु अभी तक ष्ईसरो के उन्नत उपगर्हष्नही खिंच पाऐ है ऐसा तो नही कि वह मंगल ग्रह पर खेती कर रहै हो?

अपने सोलह वर्षिय काल में उद्योग के रूप में एक मात्र उपलब्धी भगवानपुरा रतनगढ़ मे एक सोलर प्लाण्ट की स्थापना रही है।लेकिन इसका समुचित फायदा क्षेत्र के युवा बेरोजगारो को नही मिला है।सस्ती बिजली के नाम पर सोलर प्लान्ट स्थापित किया गया था फिर अभी बिजली उपभोक्ताओ को महगें बिल क्यु दिऐ जा रहै है? पत्रकार वार्ता मे दुसरा प्रश्न बाणदा बांध को लेकर था बाणदा बांध निर्माण नही होने को लेकर आपने हर कार्यकाल मे नित नऐ कारण बताऐ जिसमे से एक यह था कि कैन्द्र मे हमारी सरकार नही हे अब जब राज्व व कैन्द्र मे साढ़े छैः साल से ष्डबल ईंजनष की सरकार है तो फिर अब विस्थापन का नया बहाना क्यु बनाया जा रहा है? लगभग डेड साल से बनकर तैयार खड़ी कालेज बिल्डिग का अभी तक लोकार्पण नही होने के पिछै क्या कारण है यह पत्रकार वार्ता मे तीसरा सवाल था उद्घघाटन के राजनितिक स्रैय ,विद्युत डिपी ओर पँहुच मार्ग जेसी मामुली बातो को लेकर एक बनी बनाई कॉलेज बिल्डिंग का फिता नही कटना कॉलेज के छात्रो के साथ तो खिलवाड़ हे ही ब्लकि शिक्षा निती को लेकर आप कितने गंभीर है इस बात पर भी सवाल पैदा करती है ।अमेरीका ,चीन जापान, ब्रिटेन,रुस युरोपियन देश आदी जो विकसीत देशो की स्रेणी मे खड़े हे वह शिक्षा के बलबुते पर ही है। लेकिन केन्द्र की मोदी व राज्य की शिवराज सरकार शुरु से ही शिक्षा के प्रति गंभीर नही रही हे।इसलिऐ पकोड़े तलने को भी मोदी जी ने रोजगार की संग्या दी है ओर श्रछन की क्षेक्षिक फिश मै मनमानी बढ़ोतरी की है। ष्पढ़ेगा ईंडिंया – तभी तो सवाल करेगा इंडियाष्इस अवधारणा को मंत्री जी आपकी पार्टी मे देशद्रोही ओर गद्दार की उपाधी से सुशोभित किया जाता है।शिक्षा मे कैसे काम किया जाता हैं यह आपको दिल्ली सरकार से सिखना चाहिये।सिंगोली सामुदायिक स्वास्थय कैन्द्र पर महिला एवं पुरुष डाक्टर एवं अन्य सुविधाओ को लेकर पत्रकार वार्ता मे आप से सवाल पुछा गया । स्वास्थय सुविधा को लकर आम आदमी पार्टी ने आंदोलन एवं अखबारो मे न्युज देकर पहले भी उक्त समस्या के संम्बध मे आपका ध्यान आकर्षित किया है लेकीन आप अपने सोलह साल के विधायक काल मे मे उक्त मागों को पुरा नही किया हे अस्तपताल मै एंटि स्नेक एवं रेबिज टिको ओर महिला डाक्टर के अभाव मे कितने ही मरीज अभी तक असमय ही काल कलवित हो चुके है। यह सब बातै आम आदमी पार्टी के विधानसभा संगठन सहप्रभारी सुधीर गाँधी ने एक प्रेश नोट के माध्यम से कहते हुऐ आगे बताया कि माननीय मंत्री जी आपको एक प्रेश वार्ता दिल्ली मे भी करना चाहिये जिसमे शिवराज जी के सोलह वर्षीय कार्यकाल ओर दिल्ली की केजरीवाल सरकार के छैः वर्षिय कार्यकाल के विकास की तुलना हो तो दुध का दुध ओर पानी का पानी हो जाऐगा। केन्द्र ,मिडिया,विपक्ष, ओर न्यायपालिका के असहयोगात्मक रवैये के बावजुद भी केजरीवाल सरकार ने शिक्षा,स्वास्थय,कोरोना महामारी ओर रोजगार बढ़ोतरी मे आशातीत सफलता अर्जीत कि हे जिसकी देश ही नही विदैशो मे भी षदिल्ली माड्ल की चर्चा हो रही हे ।ओर शिवराज सरकार मे उनके मंत्री अभी तक साँप व कुत्तो के टिके उपलब्ध करवाने ओर अस्तपताल मे लेडिज डाक्टर की नियुक्ती ओर घाट निर्माण के लिए ही सघंर्ष कर रहै है। दिल्ली की केजरी सरकार ने अर्थव्यव्था को गति दैने के लिए सोच से परै जाकर डिजल के दाम आठ रुपये तक कम किया है तो बैरोजगारो के लिऐ ष्रोजगार पोर्टल एप्पष लांच कर रोजगार दैने मे सहयोग कर रही हैं।आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार ने किसानो के लिए स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट को लागु करउनकी फसल का पुरा दाम दे रही है लेकिन मंत्री जी आपके मुख्यमंत्री जी एक किसान पुत्र होने कू बावजुद भी इस रिपोर्ट कोलागु नही कर रहै हे।

## *जहरीली केमीकल युक्त शराब परिवहन करने वाले आरोपी की जमानत खारिज की गई।*

नीमच। अजय सिंह ठाकुर, अपर सत्र न्यायाधीश, नीमच द्वारा जहरीली केमीकल युक्त शराब परिवहन करने वाले आरोपी हैदरअली पिता अब्दुल रशीद कुरेशी, उम्र–20 वर्ष, निवासी–शंकर आईल मील के पास, थाना नीमच केंट, जिला नीमच की ओर से प्रस्तुत जमानत आवेदन खारिज किया गया। अपर लोक अभियोजक इमरान खान द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया की घटना दिनांक 04.08.2020 को टीवीएस चौराहा, नीमच की हैं। उपनिरीक्षक श्री वी.एस. चौधरी द्वारा मुखबीर सूचना के आधार पर अन्पूर्णा पेट्रोल पंप के पास से आरोपी हैदरअली कुरेशी नामक व्यक्ति को पकडा, जो अपने पास हाथ भट्टी की कच्ची महुआ शराब कही लेकर जाने वाला था, जिसके पास से 5 लीटर कच्ची शराब जप्त की गई, उक्त शराब की जॉच करने पर उसमे से काफी तेज जहरीली गंध आ रही थी, जो कि अनुभव के आधार पर केमीकल युक्त मानव के लिए उपयोगी नही थी, जिस पर मौके की कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया व आरोपी के विरूद्ध थाना नीमच केंट में अपराध क्रमांक 343ध्2020, धारा 49ए आबकारी अधिनियम में पंजीबद्ध किया गया। आरोपी द्वारा अपर सत्र न्यायालय नीमच के समक्ष जमानत आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर अजय सिंह ठाकुर, अपर सत्र न्यायाधीश, नीमच द्वारा आरोपी हैदरअली द्वारा प्रस्तुत जमानत आवेदन निरस्त किया गया।

## कुशल संचालन हेतु एडी. डीपीओ को पॉक्सो एक्ट में मिला प्रशंसा-पत्र।

मीडिया सेल प्रभारी विपिन मण्डलोई द्वारा बताया की श्रीमान राकेश गुप्ता, पुलिस महानिरीक्षक, उज्जैन जोन, उज्जैन द्वारा श्री जगदीश चोहान, अतिरिक्त जिला लोक अभियोजन अधिकारी, जिला नीमच को थाना नीमच केंट के चिन्हित जघन्य सनसनीखेज अपराध क्रमांक ६४६६१६, धारा ३५४, ३७६(३), ३७६(२)(एन), ३७६(एबी) भादवि एवं ३/४, ५(एल)(एम)(एन)/६ पॉक्सो एक्ट के विशेष सत्र प्रकरण क्रमांक ४७/२०१६ में कुशल संचालन करने के लिए प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया। ज्ञात हो कि उक्त प्रकरण में आरोपी अपनी ०८ वर्षीय पुत्री के साथ शारीरिक शोषण करता था जिससे डरकर पीड़िता अपने घर में न रहकर रात को बाहर सोती थी। इस प्रकार बाप-बेटी के रिश्ते को तार-तार करने वाले प्रकरण में आरोपी दरिंदे पिता को विवेक कुमार, विशेष सत्र न्यायालय (पॉक्सो एक्ट) द्वारा आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।

# सुप्रसिद्ध शास्त्रीय गायक पंडित जसराज का ९० वर्ष की आयु में न्यजूर्सी में निधन, देश ने खोया एक सुर शहंशाह

नई दिल्ली। सुरों के शहंशाह एवं विश्व प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक पंडित जसराज का अमेरिका के न्यूजर्सी में सोमवार को हृदय गति रुक जाने से निधन (कमंजी) हो गया। नब्बे वर्षीय पंडित जसराज का संबंध मेवाती घराने से था। पद्म विभूषण से सम्मानित पंडित जसराज पिछले कुछ समय से अपने परिवार के साथ अमेरिका में ही रह रहे थे। पंडित जसराज के परिजनों की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक उन्होंने स्थानीय समयानुसार सुबह 5.15 बजे अंतिम सांस ली। भारतीय शास्त्रीय संगीत को नई ऊंचाईयों पर ले जाने वाले पंडित जसराज का जन्म 28 जनवरी 1930 को हरियाणा के हिसार जिले (अब फतेहाबाद) में हुआ था। पंडित जसराज जब केवल चार वर्ष के थे तभी उनके पिता पंडित मोतीराम का देहान्त हो गया था और उनका पालन पोषण बड़े भाई पंडित मणिराम के संरक्षण में हुआ।पंडित जी को उनके पिता पंडित मोतीराम ने संगीत की शुरुआती दीक्षा दी और बाद में उनके बड़े भाई पंडित प्रताप नारायण ने उन्हें तबला वादन में प्रशिक्षित किया। वह अपने सबसे बड़े भाई, पंडित मणिराम के साथ अपने एकल गायन प्रदर्शन में अक्सर शामिल होते थे। बेगम अख्तर द्वारा प्रेरित होकर उन्होंने शास्त्रीय संगीत को अपनाया। राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री समेत कई नेता पंडित जसराज के निधन से दुरूखी उन्होंने शुद्ध उच्चारण और स्पष्टता रखने की मेवाती घराने की विशेषता को आगे बढ़ाया। पंडित जसराज ने 14 वर्ष की उम्र में एक गायक के रूप में प्रशिक्षण शुरू किया, इससे पहले तक वे तबला वादक ही थे। उन्होंने 22 वर्ष की उम्र में गायक के रूप में अपना पहला स्टेज कॉन्सर्ट किया। मंच कलाकार बनने से पहले, पंडित जी ने कई वर्षों तक रेडियो पर एक 'प्रदर्शन कलाकार' के रूप में काम किया। वर्ष 1962 में पंडित जसराज ने फिल्म निर्देशक वी. शांताराम की बेटी मधुरा शांताराम से विवाह किया, जिनसे उनकी पहली मुलाकात 1960 में मुंबई में हुई थी पंडित जसराज ने जुगलबंदी का एक उपन्यास रूप तैयार किया, जिसे 'जसरंगी' कहा जाता है, जिसे 'मूर्छना' की प्राचीन प्रणाली की शैली में किया गया है जिसमें एक पुरुष और एक महिला गायक होते हैं जो एक समय पर अलग–अलग राग गाते हैं। उन्हें कई प्रकार के दुर्लभ रागों को प्रस्तुत करने के लिए भी जाना जाता है जिनमें अबिरी टोडी और पाटदीपाकी शामिल हैं। इस साल जनवरी में अपना 90वां जन्मदिन मनाने वाले पंडित जसराज ने आखिरी प्रस्तुति 9 अप्रैल को हनुमान जयंती पर फेसबुक लाइव के जरिए वाराणसी के संकटमोचन हनुमान मंदिर के लिए दी थी। श्री वल्लभाचार्य जी द्वारा रचित 'मधुराष्टकम्' भगवान श्री कृष्ण की बहुत ही मधुर स्तुति है। पंडित जसराज ने इस स्तुति को अपने स्वर से घर–घर तक पहुंचाने का काम किया। पंडित जी अपने हर एक कार्यक्रम में 'मधुराष्टकम्' अवश्य गाते थे। शास्त्रीय संगीत के अलावा पंडित जसराज ने अर्ध–शास्त्रीय संगीत शैलियों को लोकप्रिय बनाने के लिए भी काम किया है, जैसे हवेली संगीत, जिसमें मंदिरों में अर्ध–शास्त्रीय प्रदर्शन शामिल और कई प्रमुख पुरस्कार प्राप्त किए। शास्त्रीय और अर्ध–शास्त्रीय स्वरों के उनके प्रदर्शनो को एल्बम और फिल्म साउंडट्रैक के रूप में भी बनाया गया हैं। जसराज ने भारत, कनाडा और अमेरिका में संगीत सिखाया है। उनके कुछ शिष्य उल्लेखनीय संगीतकार भी बने हैं।पंडित जसराज को वर्ष 2000 में पद्म विभूषण, 1990 में पद्म भूषण और 1975 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया। अंतरराष्ट्रीय खगोलीय संघ ने 11 नवंबर 2006 का खोजे गए हीन ग्रह 2006 वीपी32 (संख्या –300128) को उनके सम्मान में 'पंडितजसराज' नाम दिया था।पंडित जसराज ने वर्ष 2012 में एक अनूठी उपलब्धि हासिल की थी। उन्होंने 82 वर्ष की उम्र में अंटार्कटिका पर अपनी प्रस्तुति दी। इसके साथ ही वे सातों महाद्वीप में कार्यक्रम पेश करने वाले पहले भारतीय बन गए। पंडित जी ने आठ जनवरी 2012 को अंटार्कटिका तट पर 'सी स्पिरिट' नामक क्रूज पर गायन कार्यक्रम प्रस्तुत किया था। पंडित जसराज ने इससे पहले 2010 में पत्नी मधुरा के साथ उत्तरी ध्रुव का दौरा भी किया था। उनके भजनों में ओम नमो भगवते वासुदेवाय, गायत्री मंत्र, मेवाती घराना, शिव उपासना आदि बहुत लोकप्रिय हुए। आशा भोसले भी दुखी – ख्यात पार्श्व गायिका आशा भोसले ने कहा कि मैं पंडित जसराज जी के दुर्भाग्यपूर्ण निधन से बहुत दुरूखी हूं... मैंने किसी ऐसे व्यक्ति को खो दिया, जो मेरे लिए बेहद प्रिय था। वास्तव में मैंने एक बड़े भाई को खो दिया है। सच कहूं तो श्संगीत का सूरज डूब गया!श मुझे पता था कि एक गायक के रूप में वह उत्कृष्ट थे और इतने लंबे समय तक...वी शांताराम की बेटी से अपनी शादी से भी पहले। वह मेरी बहुत प्रशंसा करते थे और वह हमेशा कहते थे, श्मैं तुझे गाना सिखाऊंगा। आशा ने कहा कि कुछ समय पहले मैं अमेरिका में उनके शास्त्रीय स्कूल में गई थी, जहां वह बहुत सारी प्रतिभाओं को संगीत सिखाते थे। मुझे याद है कि मैं भी उनके संगीत स्कूल में दाखिला लेना चाहती थी क्योंकि वह बहुत अच्छा था। उसी यात्रा पर हम रात के खाने के लिए निकले, और जसराज जी, जो कि एक शाकाहारी थे, उन्होंने मुझे स्वास्थ्य कारणों से शाकाहारी बनने का अनुरोध किया था। उनकी आत्मा को शांति मिले!

## *लश्कर–ए–तैयबा के टॉप कमांडर सहित 3 आतंकी ढेर,*



*जम्मू। बारामूला के करीरी में आतंकियों से होने वाली मुठभेड़ दूसरे दिन भी समाचार भिजवाए जाने तक जारी थी। इसमें अभी तक लश्कर–ए–तैयबा के टॉप कमांडर सज्जाद समेत 3 आतंकियों को ढेर किया जा चुका था जबकि 5 जवानों को इस कामयाबी को पाने के लिए शहादत देनी पड़ी थी। कल तीन जवान तो आतंकी हमले में शहीद हो गए थे और आज सेना के दो जवान मारे गए हैं। सोमवार रात अंधेरा होने के कारण ऑपरेशन रोक दिया गया था। इसके बाद मंगलवार सुबह एक बार फिर से मुठभेड़ शुरू हुई जो कि अभी जारी है। सुरक्षाबलों की ओर से जवाबी कार्रवाई जारी है। आज मुठभेड़ में 2 जवान शहीद हो गए जिनकी पहचान सेना की 29वीं आरआर के पंकज तथा रावेश कुमार के तौर पर की गई है।*

## तेज बारिश नहीं होने से फसलों पर इल्लियों का प्रकोप

मालवा–निमाड़ ।अंचल में तेज बारिश नहीं होने और अधिकांश जगह बादल छाने से खरीफ की प्रमुख फसल सोयाबीन पर इल्लियों का प्रकोप नजर आने लगा है। फसलों को नुकसान से बचाने के लिए कृषि विभाग सक्रिय हो गया है। फसल बचाने के लिए किसानों को दवा के छिड़काव की सलाह दी जा रही है। वैसे उज्जैन और रतलाम में फसलों की स्थिति ठीक बताई गई है।देवास जिले में तीन लाख 68 हजार हेक्टेयर में सोयाबीन की बोवनी की गई है। कन्नौद क्षेत्र में कीट का प्रकोप है। सोमवार को कृषि वैज्ञानिकों की टीम निरीक्षण करने गई है। झाबुआ जिले में कम बारिश के कारण पेटलावद क्षेत्र की फसलों में कीट का प्रकोप देखा जा रहा है।कृषि उपसंचालक नगीर रावत के अनुसार जिले में करीब 375 हेक्टेयर में कीट का प्रकोप हुआ था, लेकिन दवा का छिड़काव करने से अब स्थिति नियंत्रण में है। इस वर्ष साढ़े 20 इंच बारिश हुई है, जो पिछले वर्ष से 13 इंच कम है। अधिकांश जलाशय भी खाली पड़े हैं। शाजापुर जिले में दो लाख 76 हजार हेक्टेयर में सोयाबीन बोई गई है। बारिश की खेंच और बादल छाने से सोयाबीन पर सेमीलूपर, गर्डल बीटल, तंबाकू की इल्ली और चने की इल्ली देखी जा रही है। कृषि वैज्ञानिकों की सलाह पर किसान दवाओं का छिड़काव कर रहे हैं। कपास पर फे लीलूपर कीट खंडवा जिले में सोयाबीन और कपास की फसल पर कीट का प्रकोप है। कृषि उप संचालक आरएस गुप्ता ने बताया कि कपास में गुलाबी इल्ली जबकि सोयाबीन में फे लीलूपर कीट कर प्रकोप है। हालांकि जिले में कीट के प्रकोप से फसलों को बड़ा नुकसान नहीं हुआ है। कि सानों को कीटों से बचाने के सुझाव दिए जा रहे हैं। आलीराजपुर जिले में 55 हजार हेक्टेयर में उड़द की फसल बोई गई है। कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार फिलहाल 5–10 फीसद उपज पर बीमारी का प्रकोप देखा जा रहा है। नीमच जिले में सोयाबीन का रकबा एक लाख 22 हजार हेक्टेयर है। तेज बारिश की कमी से कीट का प्रकोप नजर आने लगा है। बड़वानी जिले में खरीफ की बोवनी दो लाख 36 हजार 500 हेक्टेयर में की गई है। सोयाबीन की 27 हजार 454 हैक्टेयर में बोई गई है। कहीं–कहीं सोयाबीन पर कीट की समस्या है। आगर–मालवा क्षेत्र में तना मक्खी रोग से सोयाबीन फसल प्रभावित हुई है। फसल पीली पड़ गई है। उज्जैन–रतलाम में फसलें ठीक रतलाम जिले में इस बार 3.15 लाख हेक्टेयर में खरीफ की बोवनी की गई है। इसमें करीब दो लाख हेक्टेयर सोयाबीन का रकबा है।

## वैष्णोदेवी में लगी कोरोना पॉजिटिव की कतार, 3 पुजारी समेत २२ लोग संक्रमित

*जम्मू। वैष्णोदेवी यात्रा में शामिल होने वालों पर कोरोनावायरस की मार पड़ने का खतरा मंडरा रहा है, क्योंकि 24 घंटों के भीतर वैष्णोदेवी भवन में और 22 पुजारी, श्राइन बोर्ड कर्मचारी व पुलिस के जवान कोरोना संक्रमित पाए जाने के बाद हड़कम्प मचा हुआ है। पर बावजूद इसके श्राइन बोर्ड 16 अगस्त से आरंभ हुई यात्रा को रोकने के पक्ष में नहीं है, जिसके प्रति एक सचाई यह भी है कि मात्र 2000 श्रद्धालुओं के लिए वह प्रतिदिन सैकड़ों की जान सांसत में डाल रहा है अधिकारियों ने बताया कि वैष्णोदेवी भवन में 24 घंटों में 22 नए कोरोना संक्रमित मामले सामने आए हैं। इन नए मामलों में तीन पुजारी, चार पुलिस जवान और माता वैष्णोदेवी श्राइन बोर्ड के कर्मचारी शामिल हैं। रविवार को भी 20 मामले सामने आए थे। कुल मिलाकर 100 से अधिक मामले सामने आ चुके हैं। इतने कोरोना संक्रमित मिलने के बाद रियासी जिलायुक्त भवन को रेड जोन घोषित करना चाहते हैं जिसको लेकर श्राइन बोर्ड तथा जिलायुक्त कार्यालय के बीच तनातनी का माहौल है। दरअसल, नियमों के मुताबिक जिस इलाके से 8 या 10 से ज्यादा कोरोना पॉजिटिव मामले सामने आते हैं उस इलाके को रेड जोन घोषित कर दिया जाता है। पर वैष्णो देवी भवन को लेकर खतरा मोल लिया जा रहा है। करीब 5 महीने के अंतराल के बाद रविवार को माता वैष्णो देवीजी की यात्रा शुरू कर दी गई, लेकिन इस यात्रा के शुरू होने के साथ ही कोरोना संक्रमण तेजी से वैष्णो देवी के मंदिर परिसर में फैल रहा हैं। प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी आंकड़ों कर मुताबिक सोमवार शाम को माता वैष्णोदेवी मंदिर परिसर में कोरोना संक्रमण के 22 नए मामले सामने आए हैं। यात्रा के दौरान अन्य राज्यों के साथ ही जम्मू–कश्मीर के रेड जोन क्षेत्रों से आने वाले श्रद्धालुओं का स्वास्थ्य विभाग द्वारा निरंतर रैपिड टेस्ट किया जा रहा है। इसके लिए प्रशासन द्वारा कटड़ा के नए बस अड्डा के साथ ही वैष्णोदेवी के प्रवेश मार्ग यानीदर्शनी ड्योढ़ी में रैपिड कोविड सेंटर बनाए गए हैं, जहां श्रद्धालुओं का डॉक्टरों द्वारा कोविड टेस्ट किया जा रहा है। जिन श्रद्धालुओं की रिपोर्ट निगेटिव आती है तो डॉक्टरों द्वारा उनकी बाजू पर मुहर लगाई जाती है, ताकि वैष्णोदेवी यात्रा के दौरान जांच कर रहे अधिकारियों को श्रद्धालु बाजू पर लगाई गई मुहर दिखा सकें। इससे पहले रविवार तक यहां करीब 20 संक्रमण के मामलों की पुष्टि हुई थी। भवन में कोरोना मामलो में हुई इस बढ़ोतरी के बाद श्राइन बोर्ड ने भवन में ही कोविड केयर फैसिलिटी की शुरुआत की है और सभी संक्रमित लोगों को एक भवन में रखा है। सोमवार को करीब 200 लोगों ने माता वैष्णो देवी के पिंडियों के दर्शन किए जबकि एक महिला को कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के बाद यात्रा करने से रोक दिया गया था।*

# कोविड –19 का असर, सबसे बड़ी आर्थिक मंदी की चपेट में जापान



कोरोना वायरास के कारण दुनियाभर में मंदी नजर आ रही है। हालांकि, कुछ देश अभी इसे लेकर ज्यादा कुछ नहीं कह रहे लेकिन उद्योग धंधों के लगातार बंद रहने के कारण अर्थव्यवस्था पर इसकी प्रतिकूल असर पड़ा है। इसका असर कुछ देशों पर ज्यादा है हुआ है और इन्हीं में शामिल है जापान जो इन दिनों सबसे बड़ी आर्थिक मंदी की चपेट में है। दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में इस वर्ष अप्रैल–जून तिमाही के दौरान सालाना आधार पर 27.8 प्रतिशत की रिकॉर्ड गिरावट आई। सरकार की ओर से सोमवार को जारी आंकड़ों से पता चलता है कि कोरोना महामारी की वजह से खपत और निर्यात में बड़ी गिरावट आई। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक पहली तिमाही में समायोजित वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 7.8 प्रतिशत गिरावट आई है। द्वितीय विश्व युद्घ के बाद यह जापान की इकोनॉमी की सबसे बड़ी गिरावट है। हालांकि, सरकार के मुताबिक अर्थव्यवस्था के आंकड़ों की तुलना वर्ष 1980 से शुरू हुई थी।

इससे पहले जापानी अर्थव्यवस्था में सबसे बड़ी गिरावट 2009 में दर्ज हुई थी। वह 2008–09 के वित्तीय संकट का दौर था। असल में जापान की अर्थव्यवस्था कोरोना महामारी शुरू होने से पहले ही सुस्ती के दौर से गुजर रही थी। अक्टूबर–दिसंबर, 2019 के दौरान जापान की अर्थव्यवस्था में 1.8 प्रतिशत गिरावट आई थी। इसका मतलब है कि जापान की अर्थव्यवस्था कैलेंडर वर्षष 2020 की पहली तिमाही में ही मंदी में प्रवेश कर गई थी। इसके बाद कोरोना वायरस के संक्रमण से जुडे मामलों और सोशल डिस्टेंसिंग से जुड़ी पाबंदियों के चलते अर्थव्यवस्था की स्थिति धीरे–धीरे और बिगड़ती चली गई। जानकारों का कहना है कि कोरोना महामारी का असर के कम होने के बाद जापान की अर्थव्यवस्था में धीरे––धीरे रिकवरी होगी। जापान की निर्यात आधारित अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से चीन पर निर्भर है, जहां इस महामारी की शुरुआत हुई थी।

## विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा, युवाओं से फैल रहा है कोरोना अब नए चरण में है महामारी

रेयान ने कहा कि अभी हम रोग प्रतिरोधक क्षमता के उस स्तर को हासिल करने में सफल नहीं हुए हैं, जो कोरोना संक्रमण के प्रसार विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने मंगलवार को कहा कि 20 से लेकर 40 साल के लोगों के जरिये कोरोना वायरस फैल रहा है। सबसे चिंता की बात ये है कि इन लोगों को पता ही नहीं है कि वे संक्रमित हैं। ऐसे लोग बुजुर्गों व रोगियों जैसे जोखिम वाले समूहों के लिए गंभीर खतरा बन रहे हैं। डब्ल्यूएचओ ने पश्चिमी प्रशांत देशों में कोरोना के प्रसार को लेकर चेतावनी दी है। साथ ही समूह प्रतिरक्षा को लेकर भी सतर्क किया है। डब्ल्यूएचओ के पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. तकेशी कसाई ने कहा, महामारी बदल रही है। 20, 30 और 40 साल की उम्र तक के लोग कोरोना वायरस से संक्रमित हो रहे हैं और इनमें से ज्यादातर इससे अनजान हैं। पिछले कुछ दिनों में दुनियाभर में युवाओं के संक्रमित होने के मामले सामने आए हैं। कसाई ने कहा कि लगभग 1.9 अरब आबादी वाला पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र कोरोना महामारी के नए चरण में प्रवेश कर गया है। उन्होंने कहा, ष्यह वह चरण है जिसमें सरकारों को स्थायी रूप से संक्रमण के कई गुणा तक बढ़ने बढ़ने की चुनौती का सामना करना होगा।ष इस क्षेत्र में ऑस्ट्रेलिया, फिलीपीन और जापान समेत कई देश आते हैं, जहां पर 40 साल से कम उम्र के लोग वायरस का शिकार हो रहे हैं। जेनेवा में डब्ल्यूएचओ के प्रमुख टेड्रोस अधनोम घेब्रेयेसस ने कहा कि कोरोना की संभावित वैक्सीन हासिल करने के लिए देश अपने हितों को आगे रख रहे हैं, इससे महामारी की स्थिति और बिगड़ रही है। उन्होंने कहा कि रणनीतिक और वैश्विक स्तर पर काम करना सभी देशों के हित में है। जब तक सभी सुरक्षित नहीं होंगे, कोई सुरक्षित नहीं होगा फिलहाल हर्ड इन्यूनिटी की उम्मीद नहीं डब्ल्यूएचओ के आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं के प्रमुख डॉ. माइकल रेयान ने कहा कि फिलहाल हर्ड इम्यूनिटी (सामूहिक रोग प्रतिरोधक क्षमता) की संभावना नहीं है। उन्होंने कहा कि हमें हर्ड इम्यूनिटी बनने की उम्मीद में नहीं रहना चाहिए। हर्ड इम्यूनिटी उस अवस्था को कहते हैं, जिसमें लगभग 70 फीसद आबादी में संक्रमण को मारने वाले एंटीबॉडीज बनते हैं। रेयान ने कहा कि अभी हम रोग प्रतिरोधक क्षमता के उस स्तर को हासिल करने में सफल नहीं हुए हैं, जो कोरोना संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए जरूरी है।

# वकील का दावा, आदित्य ठाकरे से कभी नहीं मिली रिया चक्रवर्ती

सुशांत सिंह राजपूत आत्महत्या केस में इन दिनों कई आरोप प्रत्यारोप चल रहे हैं। इस बीच अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती के वकील ने दावा किया है कि अभिनेत्री ने कभी भी शिवसेना नेता और प्रदेश सरकार में मंत्री आदित्य ठाकरे से मुलाकात नहीं की। रिया चक्रवर्ती के वकील सतीश मानेशिंदे ने कहा कि कई मुद्दों पर रिया चक्रवर्ती ने अपना पक्ष रखा है और शिवसेना नेता आदित्य ठाकरे और रिया की मुलाकात के वाले सभी आरोप झूठे हैं। रिया को पता नहीं है और वह आज तक कभी आदित्य ठाकरे से मिली भी नहीं हैं। उन्होंने कभी भी उनसे ना ही टेलीफोन पर और ना ही किसी और तरीके से बात की है। हालांकि, रिया एक शिवसेना नेता के रूप में आदित्य ठाकरे का नाम सुन चुकी है। रिया चक्रवर्ती डिनो मोरिया को भी जानती हैं और सार्वजनिक रूप से फिल्म इंडस्ट्री के सीनियर के रूप में मिल चुकी हैं। रिया के वकील बिहार पुलिस पर उठाए सवाल साथ ही रिया चक्रवर्ती के वकील ने अपने बयान में बिहार पुलिस पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कानून के मुताबिक बिहार पुलिस को जीरो एफआईआर दर्ज करके मामला मुंबई पुलिस को दे देना चाहिए था। उन्होंने कहा कि रिया चक्रवर्ती किसी भी गैर कानूनी जांच के सामने नहीं झुकेगी। उन्होंने दावा किया कि रिया पर लगाए गए सारे आरोप झूठे हैं। इस मामले में राजनीति हो रही है। गौरतलब है कि बिहार सरकार के सिफारिश पर केंद्र सरकार ने सुशांत सिंह राजपूत के मामले में सीबीआई जांच के आदेश दिए हैं और रिया चक्रवर्ती क इसका विरोध कर रही हैं। वहीं, ईडी भी इस मुद्दे में अपनी जांच कर रहा है। वह मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में भी जांच कर रही है।

# खेल रत्न से सम्मानित होने वाले चौथे क्रिकेटर बनेंगे रोहित शर्मा

भारत के स्टार क्रिकेटर रोहित शर्मा को देश के सर्वोच्च खेल सम्मान राजीव गांधी खेल रत्न अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। नेशनल स्पोर्ट्स अवॉर्ड के लिए बनाई गई चयन समिति ने हिटमैन रोहित शर्मा के नाम पर मुहर लगा दी है।रोहित शर्मा के अलावा महिला पहलवान वीनेश फोगाट, टेबल टेनिस चौंपियन मनिका बत्रा, पैरालंपियन मरियप्पन थांगावेलु के नाम की भी सिफारिश राजीव गांधी खेल रत्न के लिए की गई है। रोहित शर्मा राजीव गांधी खेल रत्न सम्मान पाने वाले भारत के चौथे क्रिकेटर होंगे। रोहित शर्मा से पहलसचिन तेंडुलकर (1997–98), महेंद्रसिंह धोनी (2007) और विराट कोहली (2018) को इस सम्मान से नवाजा जा चुका है। राष्ट्रीय खेल पुरस्कार के लिए



12 सदस्यीय चयन समिति ने सोमवार को द्रोणाचार्य और ध्यानचंद पुरस्कार के लिए नामों की सिफारिश की थी, जबकि मंगलवार को समिति ने राजीव गांधी खेल रत्न और अर्जुन पुरस्कार के नामों को भी पक्का किया है। ाल 2016 के बाद यह दूसरा मौका है जब राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार के लिए चार खिलाड़ियों के नाम तय किए गए। 2016 में पीवी सिंधु, दीपा कर्माकर, जीतू राय और साक्षी मलिक को इस अवॉर्ड से नवाजा गया था। सरिकॉर्डतोड़ प्रदर्शन रोहित शर्मा ने इंटरनेशनल क्रिकेट में कई वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाए हैं। वे किसी वर्ल्ड कप में पांच शतक लगाने वाले दुनिया के एकमात्र बल्लेबाज हैं। वे इंटरनेशनल वनडे में तीन दोहरे शतक लगाने वाले दुनिया के अकेले बल्लेबाज हैं। इसके अलावा इंटरनेशनल टी20 क्रिकेट में चार शतक भी सिर्फ रोहित शर्मा के नाम दर्ज हैं। इसके अलावा जब रोहित शर्मा की वापसी टेस्ट क्रिकेट में बतौर ओपनर हुई तो उन्होंने पहले ही मैच की दोनों पारियों में शतक जड़ा था।

स्वत्वाधिकारी , मुद्रक , प्रकाशक , सम्पादक अविनाश जाजपुरा के द्वारा यश प्रीन्टीगं प्रेस स्कीन नम्बार ३६ ए कलेक्टर कार्यालय के सामने से मुद्रीत एवं कास्मों स्कुल के पास इन्द्रा नगर नीमच से प्रकाशित / संपर्क 9893796737 (सभी विवादो को न्यायिक क्षैत्र